


नवभारत
भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल, 2026


### एक नजर में

## शुभ विदाई गार्डन में मनेगी अम्बेडकर जयंती

**गुना।** शासन के निदेशीनुसार संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में जिले भर में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में कल, 14 अप्रैल को जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शहर के शुभ विदाई गार्डन में किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगा।

जिले में 10 अप्रैल से ही बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिसका समापन कल भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ होगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ डॉ. अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा।

## अतिक्रमण हटाने और सुगम यातायात के निर्देश

**गुना।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में 'सड़क सुरक्षा समिति' की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट में हुई इस बैठक में कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि नागरिकों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए केवल कागजी योजना नहीं, बल्कि ठोस और प्रभावी धरातली रणनीति तैयार करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक तो किया ही जाए, लेकिन जो नियमों का बार-बार उल्लंघन कर रहे हैं, उन पर सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में शहर और जिले के उन प्रमुख स्थानों को चिन्हित किया गया जहाँ अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है।

# गुना में आधी रात मौत का तांडव, दंपत्ति को बंधक बनाया

## कट्टे की नोक पर लाखों की डकैती, बेरहमी ऐसी कि टूट गए दांत

नवभारत न्यूज

**गुना 13 अप्रैल का। गुना जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब रक्षक के दावों पर भक्षक भारी पड़ रहे हैं। रविवार की काली रात मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम बकन्या के लिए किसी खौफनाक मंजर से कम नहीं थी। यहाँ पांच नकाबपोश दरिंदों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति के घर में घुसकर न केवल लाखों की डकैती डाली, बल्कि क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए उन्हें अधमरा कर दिया।**

जब पूरा गांव गहरी नींद में सोया था, तब पांच हथियारबंद नकाबपोश बदमाश वेंकट बैरागी के घर की दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए। घर के सन्नाटे को बदमाशों की पदचाप और कट्टे की खनक ने तोड़ दिया। बदमाशों ने सबसे पहले बुजुर्ग दंपत्ति को नींद से जगाया और उनके माथे पर कट्टा अड़ा दिया। खौफ का आलम यह था कि बुजुर्ग दंपत्ति चीख भी न सके। बदमाशों की आंखों में खून सवार था और



उनकी जुबां पर सिर्फ एक ही सवाल था— 'बता, नगदी और जेवर कहाँ छुपा कर रखे हैं?

**नगदी नहीं बताई तो हैवानियत पर उतरे बदमाश**

पीड़ित वेंकट बैरागी ने जब कुछ भी बताने में असमर्थता जताई, तो लुटेरे हैवानियत पर उतर आए। बदमाशों ने बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बना लिया और उन पर लात-घूंसों और हथियारों की बट से हमला शुरू कर दिया। चीखते-बिलखते दंपत्ति रहम की भीख मांगते रहे, लेकिन पत्थरदिल बदमाशों का दिल नहीं पसीजा। मारपीट इतनी खौफनाक थी कि बुजुर्ग वेंकट के मुंह पर हुए प्रहार से उनके दांत टूटकर गिर गए। पूरे घर की दीवारों पर खून के छींटे और बुजुर्गों की कराहें बिखरी हुई थीं। बदमाशों ने उन्हें तब तक पीटा जब तक कि उन्होंने घर में रखे लाखों रुपये और कीमती गहनों का ठिकाना नहीं उगल दिया।

**हाथ-पांव बांधकर घर में ही छोड़ा, तड़पते रहे बुजुर्ग**

लाखों की नगदी और सोने-चांदी के जेवरात समेटने के बाद भी बदमाशों का मन नहीं भरा। जाते-जाते उन्होंने पकड़े जाने के डर से बुजुर्ग दंपत्ति के हाथ-पैर और मुंह को कपड़ों से कसकर बांध दिया। घायल और लहूलुहान हालत में दंपत्ति घंटों घर के अंदर तड़पते रहे। आधी रात के बाद जब बदमाशों के जाने की पुष्टि हुई, तो वेंकट बैरागी ने अपनी पूरी ताकत झोंककर खुद को बंधनों से मुक्त किया और लड़खड़ाते कदमों से पड़ोसियों के पास पहुँचे।

### मौके पर पहुँचीं एसपी : पुलिस व्यवस्था पर उठे सवाल

इस सनसनीखेज वारदात की खबर मिलते ही समूचे जिले में हड़कंप मच गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए गुना एसपी हितिका वासल स्वयं भारी पुलिस बल के साथ बकन्या गांव पहुँचीं। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और बिखरे हुए सामान व खून के निशानों को देखकर स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का वादा किया। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए 2 डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष 'हंटिंग टीम' गठित की गई है, जो जंगलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### दहशत के साये में बकन्या : क्या सो रही है पुलिस?

इस डकैती ने गुना पुलिस की गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रख दी है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर गांव के अंदर घुसकर बुजुर्गों को इस तरह निशाना बनाया जाएगा, तो आम आदमी कहाँ सुरक्षित है? स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इलाके में गश्त न होने के कारण अपराधियों के हौसले बढ़े हुए हैं। फिलहाल, पुलिस मुखबिर तंत्र और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। लेकिन सवाल वही है— क्या बेखौफ घूम रहे ये पांच 'यमदूत' सलाखों के पीछे पहुँचेंगे? या फिर एक और बुजुर्ग दंपत्ति इंसाफ के इंतजार में सिस्टम की भेंट चढ़ जाएगा?

# नकली सोना बेचकर ठगी करने वाला इनामी आरोपी गिरफ्तार

**गुना। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहगढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मृतक चंदन गुर्जर के साथ हुई लाखों की ठगी के मामले में फरार चल रहे 5,000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

धोखाधड़ी का यह मामला करीब 6-7 माह पुराना है। फरियादी कमल सिंह गुर्जर (निवासी ग्राम कोलाम्बे) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फतेहगढ़ निवासी लंकेश उर्फ जगदीश पंडित ने उनके भाई चंदन सिंह गुर्जर को नकली सोना थमाकर 4,70,000 रुपये की ठगी की थी। इस मामले में पहले चांचौड़ा थाने में शून्य पर प्रकरण दर्ज हुआ था, जिसे बाद में असल कायमी हेतु फतेहगढ़ थाना भेजा गया। 04 सितंबर 2025 को पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। फतेहगढ़ थाना पुलिस ने इस गिरोह के विरुद्ध सक्रियता से कार्रवाई करते हुए पूर्व में तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिनमें लंकेश उर्फ जगदीश भार्गव (निवासी फतेहगढ़), तोफान सिंह यादव (निवासी ग्राम खेजरा), जसवंत यादव (निवासी ग्राम मुरादपुर) शामिल रहे।

**अंतिम फरार आरोपी पर था 5,000 का इनाम**

इस गिरोह का चौथा और अंतिम सदस्य हिम्मत पारदी लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के मार्गदर्शन में फतेहगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी और उनकी टीम ने घेराबंदी कर इस इनामी बदमाश को दबोच लिया। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने 4.70 लाख की ठगी करने वाले इस गिरोह के सभी सदस्यों को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। इस उल्लेखनीय सफलता में थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खेल और खिलाड़ियों के लिए सदैव समर्पित रहूंगा : अग्रवाल

**गुना।** गुना के ऑफिसर्स क्लब टेनिस हॉल में डायनैमिक टेबल टेनिस एकेडमी द्वारा आयोजित ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। मध्यप्रदेश और राजस्थान के 73 खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले इस टूनार्मेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। कोच देवांशु जैन द्वारा अपने पिता स्वर्गीय संतोष कुमार जैन की स्मृति में आयोजित इस स्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के रेफरियों ने अपनी सेवाएँ दीं।




मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने पुराने समय को याद करते हुए कहा कि एक समय संसाधनों के अभाव में खिलाड़ियों की संख्या कम हुई थी, लेकिन अब देवांशु जैसे समर्पित कोच स्वयं संसाधन जुटाकर नई पौध तैयार कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ी जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर चमकेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. भूपेन्द्र धाकरे और मुख्य अतिथि ने विजेताओं को शील्ड व मेडल प्रदान किए। प्रतियोगिता के परिणामों में अंडर-9 वर्ग में दिवित अग्रवाल विजेता और ओजस गुप्ता उपविजेता रहे। अंडर-11 में मयूक टाक ने बाजी मारी और सामर्थ्य अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-13 में रिशित त्रिपाठी ने खिताबी जीत दर्ज की, जबकि हृदय बिरला रनर-अप रहे। हालांकि, अंडर-15 वर्ग में हृदय बिरला ने उलटफेर करते हुए रिशित त्रिपाठी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वीमेन्स फाइनल में प्रियंका शर्मा ने साक्षी जेठवानी को हराकर खिताब अपने नाम किया, वहीं ओपन डबल्स में अभिनव और प्रियांशी की जोड़ी विजेता रही। आयोजन के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

# उपार्जन केंद्रों पर उत्साह के साथ हो किसानों का स्वागत

**गुना।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उपार्जन व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर आने वाले अन्नदाताओं का स्वागत उत्साहपूर्वक किया जाए और उनके साथ बेहतर समन्वय के लिए वॉलेंटियर्स तैनात किए जाएं। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। इस वर्ष शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें 40 रुपये बोनस जोड़कर किसानों को कुल 2625 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान प्राप्त होगा। जिले में इसके लिए कुल 27 केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने खरीदी प्रक्रिया को प्रतिस्पर्धी और बेहतर बनाने के



लिए एक नई पहल की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं के आधार पर 5 सर्वश्रेष्ठ उपार्जन केंद्रों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निम्न लिखित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा केंद्रों पर छाया, शुद्ध पेयजल, बैठने की व्यवस्था और इंटरनेट सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। केंद्रों पर अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य होगा। प्रत्येक केंद्र पर तौल कांटा, हम्माल और सर्वेयर की उपलब्धता हो। साथ ही बैनर लगाकर सामान्य जानकारी, अक्सर पूछे जाने वाले सवाल, खरीदी के मापदंड और टोल फ्री नंबर का स्पष्ट प्रदर्शन किया जाए। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र प्रभारियों, समिति प्रबंधकों और गोदाम प्रबंधकों को निर्देशित किया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और खरीदी कार्य पूरी तरह सुचारू रूप से संपन्न होना चाहिए। बैठक में उपायुक्त सहकारिता सहित कंप्यूटर ऑपरेटर और विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा नारी शक्ति अधिनियम

**गुना।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 के प्रावधानों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को गुना में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्रियों ने इस ऐतिहासिक कानून के दूरगामी परिणामों पर विस्तार से चर्चा की।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीलिमा शिंदे तथा प्रदेश मंत्री डॉ. अंजलि रायजादा ने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस कानून के लागू होते ही संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आरक्षण के भीतर अजा, अजजा और ओबीसी वर्ग के लिए भी विशेष प्रावधान रखे गए हैं। भाजपा नेत्रियों ने 33 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पिछले 70 वर्षों में इस दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो काम दशकों तक लंबित रहा, उसे मोदी सरकार ने संकल्प शक्ति के साथ पूरा करने का बीड़ा उठाया है। नेत्रियों ने पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए महिला हितैषी कार्यों का विवरण भी साझा किया। जिसमें 10 करोड़ से अधिक परिवारों को उज्जवला गैस कनेक्शन, 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण, 56 करोड़ जनधन खातों के जरिए महिलाओं को सीधे आर्थिक शक्ति देना और महिलाओं के हितों को देखते हुए वैतनिक मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया गया।

पत्रकार वार्ता के दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि यह अधिनियम न केवल महिलाओं को नेतृत्व का अवसर देगा, बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## अब ऑनलाइन होगी प्रथम व द्वितीय अपील

**गुना।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय स्कूलों की निरस्त मान्यता के खिलाफ अपील प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब सत्र 2026-27 की मान्यता निरस्त होने पर स्कूल संचालक आरटीई पोर्टल पर अपनी आईडी से लॉगिन कर कमियों की पूर्ति संबंधी दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। यह प्रथम अपील सीधे कलेक्टर को ऑनलाइन प्रेषित की जाएगी। प्रथम अपील निरस्त होने की स्थिति में द्वितीय अपील संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र पोर्टल के माध्यम से ही करने का प्रावधान किया गया है।

# सामाजिक समरसता रथ यात्रा का भव्य स्वागत

**गुना।** समाज में आपसी भाईचारे, एकता और समरसता का संदेश लेकर निकली सामाजिक समरसता रथ यात्रा का गुना आगमन पर भव्य अभिनंदन किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल पर पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर संतों एवं अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं और जनसमूह की उपस्थिति ने वातावरण को धार्मिक ऊर्जा और भक्ति से सराबोर कर दिया। मंच पर मुख्य रूप से 1008 महामंडलेश्वर प्रभुतानंद पीली कोठी, चित्रकूट, संत तारणदास जी, प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, प्रांत समरसता प्रमुख राजेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह और विभाग मंत्री दिलीप कुशवाह सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस रथ यात्रा का मुख्य लक्ष्य समाज को जाति-पाति के भेदों से ऊपर उठाकर आपसी समरसता और एकजुटता के सूत्र में बांधना है। यह यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। अंत में सभी उपस्थित जनों ने सामाजिक समरसता को अपने जीवन में उतारने और राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।



# अवैध बिजली तारों की चपेट में आने से तीन भैंसों की मौत

**गुना।** ग्राम पंचायत भिड़रा के गांव हाथी कूंदन में शनिवार को खेतों से निकली अवैध बिजली की लाइनों की चपेट में आने से किसान की तीन भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य भैंसे गंभीर रूप से झुलस गई हैं। पीड़ित किसान प्राण सिंह ने बताया कि शनिवार को उनका बेटा रोज की तरह 7 भैंसों को चराने के लिए गया था। इसी दौरान पड़ोसी गांव भिड़रा के कुछ किसानों द्वारा अपने खेतों में मूंग की फसल की सिंचाई के लिए अवैध तरीके से बिजली की तार बिछाई गई थी। बिजली की यह डोरी खेत में टूटी पड़ी थी और उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही भैंसों का झुंड वहां से गुजरा, सभी सात भैंसे करंट की चपेट में आ गईं। करंट इतना जोरदार था कि तीन भैंसों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। शेष चार घायल भैंसों का वर्तमान में उपचार जारी है। किसान प्राण सिंह का सीधा आरोप है कि पड़ोसी किसानों द्वारा खंभों से अवैध तरीके से तार डालकर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। इसी लापरवाही और अवैध कृत्य के कारण यह हादसा हुआ, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। किसान ने प्रशासन से मुआवजे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**हड़ताल** एरियर, वेतन और गाड़ियों का मेंटेनेंस नहीं होने से नाराज

# डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था ठप, हड़ताल पर ड्राइवर

नवभारत न्यूज

**गुना 13 अप्रैल का। शहर की स्वच्छता व्यवस्था सोमवार को पूरी तरह चरमरा गई। नगर पालिका के सभी 37 वार्डों में कचरा कलेक्शन करने वाले डोर-टू-डोर वाहनों के पहिए थम गए हैं। एरियर और बोनस भुगतान न होने से आक्रोशित ड्राइवरों ने काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है।**

हड़ताल कर रहे चालकों का कहना है कि वे पिछले एक साल से पुनरीक्षित वेतन और बकाया एरियर के भुगतान की मांग को लेकर नगरपालिका प्रशासन और कलेक्टर को कई बार लिखित आवेदन दे चुके हैं। ड्राइवरों के अनुसार, उन्होंने 8 अप्रैल को ही लिखित चेतावनी दे दी थी, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते उन्हें मजबूरन काम बंद करना पड़ा। ड्राइवरों ने ठेका कंपनी 'डिवाइन मैनेजमेंट' पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि 26 फरवरी से कंपनी ने उन्हें



लॉगबुक भरने से रोक दिया था, लेकिन अब अचानक लॉगबुक भरने का दबाव बनाया जा रहा है। लॉगबुक में क्या हेरफेर किया गया है, इसकी जानकारी ड्राइवरों से साझा नहीं की जा रही है।

समय पर वेतन न मिलना और गाड़ियों का मेंटेनेंस न होना बड़ी समस्या बन चुका है, जिससे बीच सड़क पर गाड़ियां खराब होने के कारण ड्राइवरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। प्रदर्शन के दौरान ड्राइवरों ने नगरपालिका सीएमओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया गया कि प्रभारी सीएमओ ड्राइवरों की समस्याओं को सुनने के बजाय ठेकेदार का पक्ष ले रही हैं। ड्राइवरों का दावा है कि उन्हें कहा गया कि ठेकेदार अपना फायदा देखने आया है, ड्राइवरों की सुनने नहीं।

**45 हेल्परों को हटा दिया, भुगतान जारी**

मामले में एक बड़ा खुलासा करते हुए ड्राइवरों ने बताया कि नगरपालिका के 37 वार्डों में 40 गाड़ियों पर 42 चालक तैनात हैं, जबकि 45 हेल्परों को पहले ही काम से हटाया जा चुका है।

आरोप है कि नगरपालिका द्वारा ठेकेदार को इन हेल्परों का भुगतान अभी भी किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर कंपनी की जेब में जा रहा है। इस हड़ताल के चलते सोमवार को शहर भर में कचरा गाड़ियां नहीं पहुंचने से डस्टबिन लबालब भर गए हैं। यदि जल्द ही प्रशासन और ड्राइवरों के बीच बीच का रास्ता नहीं निकला, तो भीषण गर्मी के बीच शहर में गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।




# श्री राधा इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन

**गुना।** शहर के प्रतिष्ठित संस्थान श्री राधा इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य, नाटक और सुमधुर स्वागत गीतों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे देख उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। गौरतलब है कि श्री राधा इंटरनेशनल स्कूल शहर के जाने-माने आभूषण शोरूम श्री राधा जेम्स एवं ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है। स्कूल में हुए इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में गुना की पहली महिला एसपी हितिका वासल और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। एसपी हितिका वसल और सीईओ अभिषेक दुबे ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यहां शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया जाता है। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और उन्हें अपनी रुचि के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ईश्वर वंदना के साथ हुआ। वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे खूब सराहा गया। स्कूल के छोटे बच्चों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का दिल जीत लिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय संगीत और गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय की प्राचार्य और अतिथियों ने वर्ष भर आयोजित हुई विभिन्न खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा के साथ-साथ विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों और भारतीय संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।